जयंती

दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर रहीं भाजपा सरकारें : आशीष दुबे

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार चाहे वह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हो या फिर मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार अथवा भाजपा शासित प्रदेशों की सभी सरकारें एकात्म मानवतावाद की परिकल्पना के साथ अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर जन जन की सेवा में जुटी है। यह विचार आज भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल की 109 वीं जन्म जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में जबलपुर सांसद तथा भाजपा के प्रदेश मंत्री आशीष दुबे ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरुआत दीनदयाल उद्यान में माल्यार्पण तथा कार्यालय में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।

मुख्य वक्ता ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने आजीवन राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता को महत्व दिया। उनके अंत्योदय के विचारों से सामाजिक समरसता को बल मिला। साम्यवाद तथा पूंजीवाद के दौर में एकात्म मानवतावाद के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय की सोच को आधार बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। दुबे ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पं. उपाध्याय की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि पं. दीनदयाल जी उपाध्याय एक महान विचारक और संगठनकर्ता थे। उन्होंने गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया और अंत्योदय का सिद्धांत दिया, जिसका उद्देश्य समाज के सबसे निचले व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना था। उन्होंने बताया कि उनकी विचारधारा से प्रेरित होकर ही 1980 में भाजपा की स्थापना हुई और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। संगोष्ठी का संचालन जिला मंत्री आशीष गुप्ता बाबा ने किया और आभार प्रदर्शन अम्बरीष वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर प्रीति सूरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, वरिष्ठ नेता नंदू बसरानी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बूथ स्तर पर मनाई गई दीनदयाल की जयंती

सभी मंडलों में बूथ स्तर पर दीनदयाल जी की जन जयंती मनाई। इस अवसर पर मंडलों बूथों में पंडित उपाध्याय के जीवनकाल पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दीनदयाल के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने दीनदयाल के आदर्शों तथा उनके सिद्धांत को अपनाने की शपथ ली।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान

एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान आयोजित

नवभारत कटनी। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान के तहत मुख्य स्टेशन चौराहा से आजाद चौक तक व्यापक सामूहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों नागरिकों ने सहभागिता की, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजसेवी संगठन, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय नागरिक शामिल थे।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और नागरिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का प्रयास नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से ऐसे सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि शहर की छवि सुधारने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

इस अवसर पर निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त तपस्या परिहार, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, उपायुक्त शैलेश गुप्ता, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, नगर निगम के एमआईसी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, डॉ. रमेश सोनी, गोविंद चावला, बीना बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, सुरेंद्र गुप्ता, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और नागरिकों के साथ सफाई अभियान में हाथ बंटाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य स्टेशन चौराहा से लेकर आजाद चौक तक सभी मार्गों की सफाई की गई और कचरे के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया।

शहरवासियों ने अपने हाथों से सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को साफ करने में सक्रिय योगदान दिया। स्वच्छता अभियान के इस आयोजन ने शहरवासियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक प्रयास से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई को सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

एक नजर में

ट्रांजक्शन आईडी से राशि हड़पने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नवभारत,कटनी। आवेदक अमित कुमार जैसवानी पिता स्व. गोपाल दास जैसवानी उम्र 38 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास कैरिन लाईन थाना माधवनगर के साथ आनलाईन धोखाधड़ी की घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक कटनी को शिकायत पत्र दिया था।

शिकायत की जांच के दौरान थाना प्रभारी माधवनगर के द्वारा आवेदक से पूछताछ की गई, आवेदक ने बताया कि उसके साथ आनलाईन धोखाधड़ी हुई है। शिकायत की जांच के दौरान पेमेंट प्लेटफार्म एयर-पे कंपनी से जानकारी प्राप्त की गई, कंपनी ने बताया गया की आवेदक द्वारा 1,39,840/- रूपये की राशि कंपनी के कर्पोरेट अकाउंट नं. 42621529436 में जमा की है।

जमा पावती रसीद की ट्रांजेक्शन आईडी नं. 297549802 का दुरूपयोग करके फ्राड करने वाले व्यक्ति ने फर्जी स्लिप बनाकर 1,39,840/- रूपये की राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया है।

एयर-पे कंपनी से ई-मेल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भी 1,39,840/-रूपये की राशि संदेही सरोज नायक के एम.आई.डी.नं. एम 334649 में जाना पाया गया है।

डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो की मौत

ब्यौहारी। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे डिवाइडर से टकरा गई,जिससे मौके पर बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के न्यू बरौंधा तिराहे में गुरुवार शाम को घटी है। पुलिस के अनुसार बाइक में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हुई है। बाइक सवार दोनों युवक ब्यौहारी से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे ।तभी न्यू बरौंधा तिराहे के पास यह हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक में दो लोग सवार थे, और बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। तभी न्यू बरौंधा तिराहे के पास बाइक चालक ने अपना नियंत्रण बाइक से खो दिया और डिवाइडर से बाइक टकरा गई, जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क में जा गिरी,जिससे दोनों के सर में गंभीर चोट लगी और दोनों ने ही मौके पर दम तोड़ दिया है।

महापौर की मौजूदगी में हास्य कवि मनोहर मनोज ने किया भूमिपूजन

राम मनोहर लोहिया वार्ड में 31.47 लाख से होंगे विकास कार्य

नवभारत, कटनी। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को राम मनोहर लोहिया वार्ड में 31.47 लाख रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशिष्ट मौजूदगी में प्रसिद्ध हास्य कवि मनोहर मनोज के हस्ते संपन्न हुआ।

मुक्तिधाम परिसर का होगा कायाकल्प

महापौर ने बताया कि मुक्तिधाम परिसर एवं एप्रोच रोड पर 19.20 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य कराया जाएगा। इससे परिसर न केवल स्वच्छ और व्यवस्थित होगा, बल्कि अंतिम संस्कार हेतु आने वाले नागरिकों को सुविधाएं भी बढ़ेंगी। इसी तरह 12.27 लाख की लागत से सडक निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शीघ्र ही मुक्तिधाम की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराया जाएगा।

स्वच्छता पर विशेष जोर

महापौर श्रीमती सूरी ने निगम के स्वास्थ्य अमले को श्मशान परिसर की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रिटायर्ट पुलिस अफसर के साथ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी

आरोपित बहोरीबंद पुलिस की गिरफ्त में धोखाधडी कर ऐंठी रकम

नवभारत बहोरीबंद। रिटायर्ड पुलिस अफसर के साथ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करके रकम ऐंठने वाले आरोपितों को बहोरीबंद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि फरियादी गोपाल प्रसाद खांडेल पिता भगवत प्रसाद खांडेल निवासी जबलपुर (रिटायर्ड पुलिस अधिकारी) की शिकायत पर शीतल प्रसाद दुबे पिता जागेश्वर दुबे 56 वर्ष एवं रामशंकर दुबे पिता मथुरा प्रसाद दुबे 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भखरवारा , थाना बहोरीबंद व्दारा जमीनों के कूट रचित दस्तावेज दिखाकर जमीन का सौदा किया गया था। शीतल प्रसाद दुबे व्दारा अपनी जमीन बताकर 28,70,000 रुपये में तय करके बयाना बतौर 10,00000 रुपये प्राप्त कर लिये गये। इसी प्रकार रामशंकर दुबे ने अपनी जमीन का सौदा 14,35000 रुपये में करके 5,00000 रुपये बयाना बतौर प्राप्त कर लिये गये और बाद में आरोपियो व्दारा एक राय होकर अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से जमीन की रजिस्ट्री करने से मना करने पर दोनो आरोपियो के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान मामले में आरोपित गणों द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग कर लाभ अर्जित करने से धारा 467,468,471,34 भादवि बढायी गयी । बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया व्दारा विशेष टीम गठित कर मामले के आरोपित शीतल प्रसाद दुबे एवं रामशंकर दुबे की तत्परता से तलाश कर आरोपितों से पूछताछ की गई। आरोपी गणों द्वारा घटना घटित करना स्वीकार करने पर मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनो आरोपियो का जेल वारंट बनाने से जिला जेल।

बूथ स्तर तक चलाया जाएगा वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू किया गया हस्ताक्षर अभियान

नवभारत कटनी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिले में वोट चोर, गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की कर दी गई है। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश के सह प्रभारी रणविजय सिंह, जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला प्रभारी बीरेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रदेश के सह प्रभारी रणविजय सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश में वोट चोरी की सरकारें चल रही है। यह बात आम जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता की है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि जिले के बूथ स्तर तक भाजपा द्वारा जिस तरह से वोट चोरी करके आम जनता के साथ धोखा कर सत्ता में काबिज हैं उसकी हकीकत जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत कर दी गई है। अब जिले के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे बूथ कि स्तर तक पहुंच कर वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को बताए। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अभियान में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी निभाने होगी। इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर किए। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को इस अभियान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला प्रभारी बीरेंद्र द्विवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, पप्पू बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल, गुमान सिंह, करण सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता डॉ केएल जैन, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा, महसूद खान बिट्टू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मिश्रा, विकास निगम, प्रदीप त्रिपाठी, रंजीत सिंह, नरेंद्र सैनी, महेन्द्र जैन, रविन्द्र बाजपेयी, कल्लूदास बैरागी, नरेंद्र पौराणिक सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

नवभारत, कटनी। जवाहर नवोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 9वीं और 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 7 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में खाली सीटों को भरने के लिए लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट 2026 के माध्यम से चयन किया जाएगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया

विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे समाज को जागरूक करें

नवभारत बहोरीबंद। वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य इंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं रा.से.यो. प्रभारी डॉ. महिमा तिवारी के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ, जिसके बाद छात्राओं शांति लोधी एवं वर्षा राजपूत ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात डॉ. महिमा तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का उद्देश्य एवं महत्व बताया तथा विद्यार्थियों को समाज सेवा एवं जनजागरूकता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य इंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे समाज को जागरूक करने हेतु स्वच्छता,साक्षरता एवं नशा मुक्ति जैसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। अनामिका, मोहिनी और पार्वती ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर भाषण दिया। वर्षा राजपूत ने लोक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं सत्येंद्र, शुभम, सचिन, नमन, विक्रम और सीमा ने स्वच्छता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ केंप में सहभागिता

साफ सफाई एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई

नवभारत,उमरियापान। आंगनबाड़ी केंद्र इटवां ब्लाक ढीमरखेड़ा सेक्टर धरवारा स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ केंप में आज स्तनपान से संबंधित जानकारी ग्राम की सभी गर्भवती महिलाओं धात्री महिलाओं एवं ग्राम की सभी उपस्थित महिलाओं से सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने ढीमरखेड़ा परियोजना अधिकारी आरती यादव के दिशा निर्देशन में इन महिलाओं के समक्ष स्तनपान के विषय में जानकारी दी

बच्चों की देखभाल बच्चों को पौष्टिक रहित भोजन दिन में कई बार बच्चों को खाना खिलाया जाये जिससे बच्चे में पौष्टिक आहार की मात्रा में कमी न आने पाए बच्चा हमेशा तंदुरुस्त और स्वस्थ रहें महिलाओं में कभी खून की कमी ना आए इसके विषय में इनके द्वारा यह जानकारी दी गई कि हरी सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में करें पौष्टिक वस्तुओं का सेवन करें हमेशा स्वस्थ रहें इस दौरान ग्राम की महिलाओं द्वारा रामायण मंडल की सभी महिलाओं द्वारा रामायण का आयोजन किया गया एच आर के संबंध में जानकारी दी गई कार्यक्रम में उपस्थिति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम की सभी अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

महापौर ने गोलबाजार में श्रद्धालुओं के साथ बैठकर देखा रामलीला मंचन

भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने वाली रामलीला

नवभारत कटनी। परंपरा और भक्ति के अद्भुत संगम का नजारा उस समय देखने को मिला जब नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने गोलबाजार रामलीला मैदान पहुंचकर रामलीला का मंचन देखा। खास बात यह रही कि महापौर ने जनसामान्य की तरह श्रद्धालुओं के बीच जमीन पर बैठकर रामलीला का रसास्वादन किया। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य शिब्बू साहू, डॉ. रमेश सोनी, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी भी उपस्थित रहे। मंचन से पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की आरती उतारकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि रामलीला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे जीवन को भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने वाली सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने रामलीला कमेटी को इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए साधुवाद देते हुए श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे भी अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान गोलबाजार रामलीला कमेटी के सचिव भरत अग्रवाल, रवि खरे, शरद अग्रवाल, रणवीर कर्ण, संतोष जायसवाल, आशुतोष शुक्ला, रामजी यादव, अंतिम गुप्ता, संजय गिरी, कैलाश गुप्ता और धर्मेंद्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। रामलीला मंचन में जनसैलाब उमड़ा और भक्तिभाव से भरा वातावरण पूरे मैदान में गूंजता रहा। संचालन संतोष जायसवाल ने किया।

बैठक

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी की रेलवे सुविधाओं से जुड़े कई सुझाव प्रस्तुत किये

सांसदों की बैठक में मूलभूत विकास कार्यों के साथ ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

नवभारत,कटनी। जबलपुर रेल मंडल परिक्षेत्र के सांसदों की बैठक में कटनी खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कटनी एवं कटनी जिले की विभिन्न रेल सुविधाओं से संबंधित क्षेत्रीय नागरिकों तथा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से समय-समय पर रखी गई मांगों को पूरा करने के लिए सुझाव पत्र देकर अवगत कराया।

कटनी जंक्शन में वाशिंग प्लेटफार्म पिट का निर्माण करने, विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत तहसील बड़वारा में स्थित खाना बंजारी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर बड़वारा नगर या विजयनाथ धाम रेलवे स्टेशन किये जाने के संबंध में प्रस्ताव बनाने का सुझाव दिया। साथ ही आम जनमानस अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं व्यापारियों की सुविधा दृष्टिगत सिंगरौली से भोपाल 22165-22166 (उर्जा धानी एक्सप्रेस) साप्ताहिक ट्रेन का प्रतिदिन एवं सिंगरौली से इंदौर तक चलाये जाने, अस्थि विसर्जन, कर्मकांड सुविधा एवं तीर्थ यात्रा दृष्टिगत सिंगरौली व्हाया खन्ना बंजारी से कटनी होकर प्रयागराज, बनारस, अयोध्या तक ट्रेन परिचालन कराये जाने के साथ क्षेत्र एवं आसपास के आम जनमानस सुविधा अंतर्गत जबलपुर से अमरकंटक ट्रेन को सिंगरौली तक परिचालित कराये जाने के संबंध में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने मांग रखी। इसके साथ हावड़ा से अजमेर, संतरागाछी से अजमेर, हावड़ा से भोपाल, कोलकाता से अहमदाबाद ट्रेनों का ठहराव खाना बंजारी स्टेशन में करने, विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत नगर परिषद कैमोर से जबलपुर होते हुए नागपुर ट्रेन चलाये जाने, कटनी-प्रयागराज जाने वाली यात्री गाड़ियाँ जिनका स्टॉपेज नहीं है, उनका स्टॉपेज करने, ग्राम पहाड़ी गांव रेस्ट हाउस से लेकर स्टेशन तक रोड का निर्माण/मरम्मत आदि की मांग प्रमुख हैं। सांसद ने कहा कि कटनी जंक्शन के पास सड़क में नव निर्मित पक्के बेरीकेटिंग को पृथक कराने एवं पूर्ववत व्यवस्था संचालित करायें ताकि यात्रियों, बुजुर्गों, विकलांगों के आवागमन में समस्या न हो। साथ ही गाड़ी क्रमांक 11059-छपरा एक्सप्रेस, 22360-पटना सुपरफास्ट, 11015-सहरसा अमृत भारत, 12293-प्रयागराज एक्सप्रेस, 11060-मुंबई एल.टी.टी. एक्सप्रेस, 22359-मुंबई सी.एस.एम.टी. एक्सप्रेस, 11016-मुंबई एल.टी.टी. अमृत भारत एक्सप्रेस, 12294-मुंबई एल.टी.टी. ए.सी. एक्सप्रेस - समस्त ट्रेनों का स्टॉपेज कटनी में करने की मांग रखी।

गाड़ी क्रमांक 19809-19810 जबलपुर कोटा एक्सप्रेस को पुन: प्रारंभ कर नैपुर तक बढ़ाया जाए एवं कोरोना काल में बंद की गई ट्रेन जबलपुर-कोटा को पुन: चालू किया जाए और रेवांचल एक्सप्रेस का स्टॉपेज रीठी रेलवे स्टेशन में किये जाने, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का स्टॉपेज पटौहा स्टेशन में किये करने, जनता एक्सप्रेस 13301-13302 का स्टॉपेज स्लीमनाबाद स्टेशन में व स्लीमनाबाद स्टेशन में टिकट आरक्षण काउंटर खोलने। साथ ही रीवा-इटवारी ट्रेन 11753-11754 जबलपुर-लखनऊ (चित्रकूट) एक्सप्रेस 15205-15206 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11265-11266, सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 11651-11652, जबलपुर-गोंडा एक्सप्रेस 22181-22182 का, गाड़ी क्रमांक 22190-22189 रीवा-जबलपुर इंटरसिटी, 12182-12181 दयोदय एक्सप्रेस, 12190-12189 का स्टॉपेज स्लीमनाबाद व महामना एक्सप्रेस का स्टॉपेज निवार स्टेशन में किये जाने लेकर सुझाव दिए।

रेत माफियाओं के गुर्गों का आतंक जारी, प्रशासन मौन

नवभारत कटनी। बरही क्षेत्र में रेत माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रेत ठेका समाप्त हो चुका है और नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया जारी है, फिर भी माफियाओं की निजी फ्लाइंग टीम बेखौफ घूम रही है। यह टीम स्थानीय लोगों के ट्रैक्टर पकड़ती है, मारपीट करती है और बाद में पुलिस बुलाकर कार्रवाई कराती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निजी स्तर पर काम कर रही फ्लाइंग टीम कानूनन गलत है, जो कानून का पालन कराने के नाम पर दहशत फैला रही। येसा लगता है कि इसे किसी के संरक्षण में ठेका दिया गया हो। प्रशासन और पुलिस का निजी फ्लाइंग टीम को लेकर मौन साधना कई सवाल पैदा करता है। फ्लाइंग टीम की गुंडागर्दी से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। सवाल उठता है कि जब ठेका समाप्त हो चुका है, तब यह टीम खुलेआम क्यों घूम रही है और रेत का अवैध कारोबार किसके संरक्षण में फल-फूल रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।